## एक नजर में



### शिवनगरी में दीक्षा अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण

**उज्जैन।** मैत्रीय मिलन दीक्षारंभ उत्सव श्रृंखला के प्रथम चरण में प्रो. भारद्वाज कुलगुरु विक्रम विवि, प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता निदेशक पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि उज्जैन ने मैत्रीय मिलन दीक्षारंभ उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत समृद्ध विरासत तीन 3 दशकों के वृहद अनुभवों से जुड़े कॉर्पोरेट जगत क्रिएटिविटी वर्ल्ड के जानेमाने हस्ताक्षर हस्ती क्रिएटिव गुरु इंजीनियर पुनीत भटनागर का सारस्वत सम्मान किया। जेएनआईबीएम संस्थान में दीक्षारंभ उत्सव श्रृंखला अंतर्गत विशिष्ट श्रावण संवाद शैवतत्व में सृजनात्मकता प्रबंधकीय दृष्टिकोण पर अपना दीक्षारंभ बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया। युवा वैज्ञानिक प्रबंध विदुषी डॉ. श्रेया गेहलोत क्वींस यूनिवर्सिटी इंडिया कैंपस गांधीनगर गुजरात एल्युमिनी आईआईएम अहमदाबाद, आइजर भोपाल ने भी उपस्थित होकर अपने शुभकामना संदेश प्रदान किया। प्रो. डॉ. दीपक गुप्ता अध्यक्ष प्रबंध अध्ययन मंडल एवं प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता निदेशक पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि उज्जैन ने कार्यक्रम आयोजन प्रस्तावना एवं अतिथि परिचय प्रदान किया।

### मध्य प्रदेश का 45 सदस्यी दल कल होगा रवाना



**उज्जैन।** पावरलिफ्टिंग इंडिया के तत्वावधान में केरला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 2 से 7 अगस्त केरला के वीके कृष्ण मैनन इनडोर स्टेडियम कोझिकोड में राष्ट्रीय मास्टर्स क्लासिक, एक्यूड महिल एवं पुरुष पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना, अरुण शर्मा, शिव प्रसाद कुरे द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि चैंपियनशिप में म.प्र. पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के आर तिवारी, ऊर्जावान महासचिव दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में 45 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें पुरुष वर्ग में दीपक कुमार मालवीय, राजा बाबू बावरिया, देवेंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, योगेंद्र हार्डिया, राजेंद्र सिंह शाह, प्रकाश चौकसे, हरबिंदर सिंह, रविंद्र सिंह नील, संजीव राजदान शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में प्रीति रैना, शुभा पाठक, अनीता सोनी, सुषमा वर्मा, पूजा कुमारी, रंजना पाटीदार, पूजा मालवीय, पुष्पा चौहान, मीना शर्मा, चित्र नायडू, गीता चौहान, सुनीता मालवीय, पूजा मालवीय, मीना शर्मा, सीमा वर्मा, चित्र नायडू आदि चयनित हुए। पुरुष दल के कोच के रूप में श्रीराम तारे, शिव गोपाल पांडे, अविनाश दुबे, टीम प्रबंधक के रूप में संजीव राजदान, उदय प्रताप सिंह, रमेश चंद्र नामदेव, अशोक कुमार तिवारी नियुक्त किए गए। महिला दल के कोच के रूप में मीना राजदान व सीमा वर्मा को नियुक्त किया गया। स्वर्णिम अवसर पर संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, के.आर. तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, देवेंद्र नाहर एवं पूरे पॉवर लिफ्टिंग परिवार द्वारा खिलाड़ियों को बेस्ट ऑफ लक दिया गया।

### स्व. भदौरिया एवं स्व. कुरैशी की पुण्यतिथि



**उज्जैन।** श्रम शिविर कार्यालय उज्जैन मिल मजदूर संघ इंटक के पूर्व संस्थापक कार्यवाहक अध्यक्ष केशवसिंह भदौरिया एवं स्व. वहीद उद्दीन कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष उज्जैन मिल मजदूर संघ इंटक मालवा टाईम्स के संपादक एवं गांधी मजदूर ट्रस्ट के अध्यक्ष की पुण्यतिथि संयुक्त रूप से 31 जुलाई को श्रम शिविर कार्यालय में मनाई गई। श्रध्दांजलि कार्यक्रम उज्जैन मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रवि राय एवं विशेष अतिथि रवींद्रसिंह भदौरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर संघ के प्रधानमंत्री असगर खान, कोषाध्यक्ष संतोष सुनहरे, मंत्री राकेश कोठारी, संस्था के सलाहकार प्रकाशानंद, रविंद्रसिंह भदौरिया, एडवोकेट देवेंद्रसिंह भदौरिया ने स्व. केशवसिंह भदौरिया एवं स्व. वहीद उद्दीन कुरैशी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किये गये श्रमिक हितों के कार्यों की चर्चा की साथ ही उनके रचनात्मक कार्यों का उल्लेख किया। श्रध्दांजलि सभा में उपस्थित वरिष्ठजन उपस्थित रहे। आजाद कुरैशी, मोईनुद्दीन कुरैशी, मोतीलाल अखंड, रामनारायण जाटवा, रमेश शर्मा, लल्लूसिंह भदौरिया, ओंकारसिंह कदम, रामचंद्र सूर्यवंशी, लालचंद्र मालवीय, हेमंत शर्मा, किशोरसिंह भाट, भगवानसिंह राठौड़, रवि शर्मा, शंकर शर्मा आदि सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे।

### राज्यपाल गेहलोत पहुंचे बाल भारती



**उज्जैन।** राजभवन बैंगलोर में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत से उज्जैन के बालभारती बाल्य शाखा आरएसएस बच्चों एवम उनके पेरेंट्स के साथ मुलाकात कीर। उसके पूर्व बच्चों एवम पेरेंट्स के साथ। पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी पर संगोष्ठी की।

### बदमाशों ने किया 3 युवकों पर हमला, 1 घायल

**उज्जैन।** भार्गव मार्ग क्षेत्र में बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बदमाशों ने तीन युवकों पर हमला कर दिया। एक युवक घायल हो गया। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि आदिल पिता आबिद खान 30 वर्ष निवासी मदीना कॉलोनी अपने दोस्त अरबाज और अनीस के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर सब्जी मंडी जा रहा था। जैसे ही वे भार्गव मार्ग पहुंचे तभी उनकी बाइक की टक्कर किसी अन्य वाहन से हो गई। इसे लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने तीनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में आदिल को चोटें आई जिन्हें चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अरबाज और अनीस को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# उज्जैन विकास प्राधिकरण से होगी प्लॉट, मकान की बारिश, हितग्राहियों की पूरी होगी ख्वाहिश

## सैकड़ों संपत्तियों की एक साथ निकलेगी विज्ञप्ति, शिप्रा विहार में होटल हब और 56 दुकान के लिए भी लगी कतार

**उज्जैन। स्वयं के आशियानों का सपना देख रहे हितग्राहियों के लिए विकास प्राधिकरण प्लाट मकान की बारिश करने वाला है। सैकड़ों संपत्तियों की विज्ञप्ति एक साथ निकालने जा रही है। निवेशकों से लेकर यूजर्स के लिए एक बड़ा अवसर है। नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि जल्द ही विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्लाट मकान से लेकर व्यावसायिक संपत्तियों की विज्ञप्तियां जारी की जा रही है जो सबके लिए लाभकारी होगी।**

गुरुवार को विकास प्राधिकरण में पाटीदार के विदाई समारोह के दौरान यूडीए सीईओ संदीप सोनी की जमकर तारीफ की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि शिप्रा विहार में होटल हब और 56 दुकान एक ऐसा प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। जिसका लोकार्पण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया और जिस प्रकार से सीईओ संदीप सोनी ने दिन रात अथक मेहनत से इस प्रोजेक्ट को बनाया। ऐसे में विकास प्राधिकरण की 25 साल तक की आमदनी की व्यवस्था कर दी गई है, जहां पर अधिकारी कर्मचारियों का वेतन निकलता रहेगा।

विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी के संबंध में गुरुवार को खासी चर्चा रही। कार्यक्रम तो था कार्यपालन यंत्री की बिदाई समारोह का, जिसमे सीईओ सोनी का जो समर्पण भाव काम के प्रति है। उसको लेकर मंच से कहा गया कि सीईओ सोनी न दिन देखते हैं ना रात, ना कपड़ों की परवाह करते हैं और ना स्वास्थ्य की चिंता है। शिप्रा विहार में जब मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी चल रही थी तो सीईओ सोनी को सीने में दर्द हुआ तो उन्होंने गोली खाली, मगर डॉक्टर के पास नहीं गए। बीपी बढ़ता है तो गाड़ी में से मशीन मंगा कर चेक कर लेते हैं पर काम नहीं छोड़ते, इसी तरह लैंड पूलिंग योजना में भी दो-दो बजे तक जागकर ऑफिस में ही काम करते हैं। जिससे बाकी कर्मचारियों को भी संस्थान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है।

### होटल हब और 56 दुकान, प्रतिकल्पा भी लांच

विकास प्राधिकरण ने क्षिप्रा विहार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लॉन्च किया है। जिसका लोकार्पण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जा चुका है। यहां पर होटल हब 56 दुकान जल्दी आकार लेने वाला है इसके लिए खरीदार विकास प्राधिकरण में प्रतिदिन होकर पहुंच रहे हैं। उज्जैन ही नहीं बल्कि इंदौर के निवेशक भी विकास प्राधिकरण जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे हैं कि किस प्रकार छप्पन दुकान और होटल हब के लिए विकास प्राधिकरण प्लॉट बेचेगा, ऑनलाइन टेंडर किए जाएंगे या फिर कुछ और प्रक्रिया होगी। बताया जा रहा है कि उज्जैन जिले ही नहीं बल्कि संभाग भर के निवेशक शिप्रा विहार की योजना में पार्टिसिपेट करना चाहते हैं। विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि नानाखेड़ा में सी-21 मॉल के पास एक वृहद आवासीय और व्यवसायिक भवन बनकर तैयार हो चुका है। जिसका नाम प्रतिकल्पा है। इसका लोकार्पण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है।

### यूडीए की मजबूरी पाटीदार जरूरी है...

कर्मचारियों ने कतारबद्ध होकर कार्यपालन यंत्री केसी पाटीदार का स्वागत सम्मान किया। साठे ने अपने उद्बबोधन में कहा कि जब पाटीदार की तबीयत खराब हुई उनका बायपास हुआ, उस दौरान भी उन्होंने विकास प्राधिकरण की चिंता की और काम के प्रति इतने जवाबदार थे कि अस्पताल से भी योजनाओं को लेकर चिंतित रहे। निगम आयुक्त आशीष पाठक ने कहा कि विकास प्राधिकरण की मजबूरी है कैसी पाटीदार जरूरी है तो सब ने जोरदार ठहाके लगाए। यूडीएससी संदीप सोनी ने कहा कि मेरे दाहिने हाथ के तौर पर पाटीदार ने हमेशा साथ दिया। भोपाल से लेकर उज्जैन का कोई भी काम होता तो वह तुरंत तत्पर रहते।



### यूडीए के कार्यपालन यंत्री पाटीदार को बिदाई

उज्जैन। 31 जुलाई को उज्जैन विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री केसी पाटीदार की सेवानिवृत्ति पर प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई। प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया गया कि प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री केसी पाटीदार 37 वर्ष 11 माह सेवा उपरांत इस कार्यालय से कार्यपालन यंत्री के पद से सेवानिवृत्त हो रहे है। प्राधिकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी एवं आयुक्त नगर निगम आशीष कुमार पाठक ने पाटीदार का पुष्पमाला शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। सोनी एवं पाठक ने उद्बोधन के साथ साथ ही पाटीदार के साथ बिताये अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के नीरज पांडे, अधीक्षण यंत्री, कुलदीप रघुवंशी कार्यपालन यंत्री, मनीष जोशी विधि अधिकारी, ग्रेविता भिंडे वित्त अधिकारी एवं जीवन मोधी सम्पदा अधिकारी के साथ ही कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं मित्रगण उपस्थित थे।

# दुर्गा कॉलोनी में करंट लगने से युवक की मौत

**उज्जैन। दुर्गा कालोनी निवासी एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इलाके में कई दिनों से रोड किनारे लगी डीपी में करंट आ रहा था। जिसकी शिकायत कॉलोनीवासियों ने पूर्व में भी की थी, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। इससे पहले भी इसी करंट की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो चुकी है।**

पुलिस ने बताया कि शंकर पिता रतनलाल सोलंकी 40 वर्ष निवासी दुर्गा कॉलोनी घर से किराने का सामान लेने निकले थे। इस दौरान बारिश हो रही थी। जैसे ही वह कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर स्थित डीपी के पास पहुंचे उन्हें करंट का झटका लगा और वह वहीं गिर पड़े। लोगों ने तुरंत उन्हें उज्जैन चरक पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस डीपी में पिछले कई दिनों से करंट आ रहा था। कई बार बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मृतक शंकर मजदूरी करता था और उसका एक बच्चा है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वहीं कॉलोनीवासियों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रखरखाव के नाम घंटों बिजली की कटौती कर कार्य किया जाता है ताकि कोई दुर्घटना ना हो लेकिन इस प्रकार की घटना से आक्रोश पनपना लगता है सही है।

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो चाकू से हमला

उज्जैन। सुदर्शन नगर क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए युवक के मामा को भी हमलावरों ने पीट दिया। घटना के बाद चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार सुदर्शन नगर निवासी शुभम पिता विनोद बेतोड़ 21 वर्ष के घर पर रोहित, हर्ष, कान्हा और पवन नामक युवक आए थे। चारों ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। शुभम ने पैसे देने से मना किया तो चारों युवकों ने उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर एक आरोपी ने उसके जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका मामा बंटी पिता सतीश मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा तो हमलावरों ने उसे भी पीट दिया। हमले के बाद चारों युवक मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल शुभम को तत्काल चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### चार लोगों ने की युवक से मारपीट

उज्जैन। आज युवकों में बाइक को तेज भगाने और कटबाजी करने का जैसे ट्रेंड चल रहा और अगर गलती से बाइक कहीं टकरा जाती है तो बात विवाद पर बन जाती है। ऐसा ही कुछ मामला बीते दिनों भी सामने आया जिसमें बाइक टकराने की मामूली बात पर एक युवक के साथ चार लोगों ने मिलकर डंडों से मारपीट कर दी। जानकारी के अनुसार दिनेश पिता जगदीश पाटीदार उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम संगी, थाना तराना अपनी बाइक से तराना आ रहा था। रास्ते में टोल टैक्स के पास उसकी बाइक एक युवक महेन्द्र से टकरा गई। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दिनेश सीधे तराना थाने पहुंचा और वहां शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत दर्ज करवाकर जब वह वापस अपने गांव संगी लौट रहा था, तभी टोल टैक्स के पास पहले से बैठे महेन्द्र अपने तीन साथियों सचिन, रवि और रामबाबू के साथ रास्ते में आ गया। चारों ने मिलकर दिनेश को घेर लिया और डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के बाद दिनेश को जिला अस्पताल उज्जैन में भर्ती किया गया है तराना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भगवत गीता एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया



**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थित में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी एजाज पिता शहजाद एहमद चालक निगम गैराज, नृसिंह राव इंगले सहायक वर्ग 03 राजस्व विभाग अन्य कर, महेश पिता बद्रीलाल मेट स्वास्थ्य विभाग, मदन लाल देवाजी हेल्पर विद्युत शवदाह गृह, कुमारी गुरवीर कौर पाबले पीएचई विभाग, ओमप्रकाश दोषी पीएचई विभाग, शंकरलाल पिता सेवाराम वाहन चालक पीएचई विभाग, भीमा गोविंद पंप ऑपरेटर पीएचई विभाग, दिनेश पिता शंकर लाल शर्मा पीएचई विभाग, युगल किशोर पिता नारायण स्थाई कर्मी पीएचई विभाग, कमल पिता मंगल स्थाई कर्मी पीएचई विभाग के सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, पार्षद पंकज चौधरी, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, कर्मचारी संघ से नितिन मुसले, रमेश रघुवंशी, रमेश चंद्र निगम, मनसुख मेहरवाल एवं नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का उमड़ा उत्साह

## 550 से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता, खेल परिसर में बना जोश और जुनून का माहौल

**उज्जैन। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में नानाखेड़ा स्थित बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित 58वीं मध्यप्रदेश जूनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ पूरे उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर से आए 550 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कर भागीदारी सुनिश्चित की है।**




कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ, जिसमें जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव सहित सभी मुख्य अतिथियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर यादव और उनकी टीम द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उज्जैन का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। यह एक प्रेरणादायक और सराहनीय पहल रही।

मुख्य अतिथियों में कालोनाइज़र महेश परयानी, श्रीगंगा समूह से सीताराम गुप्ता, अंकित ओझा, पवन कुमार मालवीय और डॉ. सतिंदर सलूजा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से दुपट्टा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। जिला उपाध्यक्ष गोपाल बलवानी ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता छह दिवसीय है, जिसमें प्रतिदिन नए मुख्य अतिथि आमंत्रित किए जा रहे हैं। आयोजन के तीसरे दिन तक लगभग 70 मैच संपन्न हो चुके हैं, और पूरे परिसर में खिलाड़ियों एवं दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग ले रहे विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए जिला बैडमिंटन अध्यक्ष वैभव यादव का आभार व्यक्त किया और बताया कि उज्जैन में उन्हें खेल का जो अवसर मिला है, वह उनके लिए सौभाग्य की बात है। जानकारी एसोसिएशन के सदस्य दिनेश जाटवा ने दी।

### रोटरी क्लब उज्जैन की कार्यशाला में छात्राओं को खाद बनाकर सिखाया बीज बोना

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन की अनोखी पहल प्रोजेक्ट अंकुर अभियान के अंतर्गत शास. कन्या उच्चतर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराजे में छात्राओं को पॉलीथिन बेग में मिट्टी, बालूरेती, खाद का मिक्चर बनाना एवं बीज बोने के संबंध कार्यशाला आयोजित की गई। रोट अजय शर्मा एवं रोट कृष्णकांत पवार ने सयुंक्त रूप से उपस्थित छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। प्रोजेक्ट का उद्देश्य एवं पॉलीथिन बेग में बीज बोने से लेकर पौधे तैयार करने तक की एवं पर्यावरण की जानकारी के साथ बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे ने बताया प्रोजेक्ट अंकुर में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को अगले वर्ष जून माह में क्लब द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा और उत्कृष्ठ छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के लिए क्लब की एक बड़ी पहल है, विद्यालय के प्राचार्य सनत कुमार व्यास का सहयोग सराहनीय है। अध्यक्ष एवं अतिथियों ने छात्राओं को पॉलीथिन बेग एवं बीज पैकेट प्रदाय किए। इस मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोट शाहिद हाशमी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका आदि सहित 325 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत कृतिका पराड़कर, निहारिका मित्तल, राकेश परमार एवं सुरेश व्यास ने किया। संचालन पुरुषोत्तम कुमार विष्णु ने किया एवं स्वागत भाषण दिया। अंजना चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया।

**मंदिर में सुधार किया** — मीडिया में खबर के बाद प्रशासन की कार्रवाई, 3 कैमरे निकलवाए

# मंगलनाथ मंदिर के गर्भगृह में पुजारियों ने लगा लिए थे निजी सीसीटीवी कैमरे

**नवभारत न्यूज**


**उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर में पुजारियों ने बिना अनुमति के ही अपने निजी सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे। इन कैमरों से पुजारी मोबाइल पर मंदिर की गतिविधियों पर नजर रखते थे। मंगलनाथ मंदिर सरकारी है और यहां पुजारी निजी कैमरे नहीं लगा सकता है।



मीडिया में जब ये खबर आई तो मंगलनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम गर्ग ने समिति के प्रशासक के के पाठक को तुरंत अवैधानिक तरीके से पुजारियों द्वारा लगाए गए निजी कैमरे हटाने के निर्देश दिए। प्रशासक पाठक ने पुजारी राजेंद्र भारती से चर्चा के बाद 3 कैमरे हटावाए।

### वीर हुनमान मंदिर पर श्रावण महोत्सव में 2 को होगी संध्या प्रस्तुति

महाकाल वन कार्तिक चौक स्थित वीर हनुमान मंदिर पर श्रावण महोत्सव 2025 में 2 अगस्त को शाम 7.30 बजे से आयोजित भक्ति नृत्य संध्या प्रदेश की सबसे अग्रणी संस्था प्रतिभा संगीत कला संस्थान की संचालिका नृत्य गुरु पद्मजा रघुवंशी, इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची के सानिध्य में नृत्य की प्रस्तुतियां देंगी। मंदिर के पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया संस्थान अक्षया परिहार, आशना तोमर, पाश्वी आचार्य, गार्गी आचार्य, सौम्या विजयवर्गीय, ईशानी भट्ट, अलिशा शर्मा, आहना सांसद अनिल फिरोजिया आदि कलाकार आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।



### कावड़ियों ने किया महाकाल का जलाभिषेक

महाकाल का गुरुवार को पार्षद माया त्रिवेदी के नेतृत्व में एक हजार कावड़ियों ने शिप्रा के जल से अभिषेक किया। सुबह 10 बजे कावड़िए शिप्रा के रामघाट से ढोल-ढामाकों के साथ ध्वज लहराते, जयकारे लगाते पैदल नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे और परिस के 84 महादेवों के चार महादेव के दर्शन कर बाबा महाकाल को जल चढ़ाया। महाकाल मंदिर में शैलेंद्र शर्मा एवं आकाश पुजारी ने पूजन कराकर कावड़ियों का जल अर्पित कराया।

